Regarding shortage of DAP in Domariyaganj Parliamentary Constituency-Laid

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) : मेरे संसदीय क्षेत्र डुमरियागंज, जिला सिद्धार्थ नगर में धन सहकारी समिति, घोसियारी में मांग के सापेक्ष कम डीएपी खाद पहुंचने से किसान परेशान हैं । समिति पर अबतक 600 बोरी डीएपी, 50 गांवों के किसानों के लिए नाकाफी साबित हो रही है । मजबूरन किसान प्राइवेट दुकानदारों से अधिक रेट में डीएपी खरीदने को बाध्य हो रहे हैं । प्राइवेट दुकानदार डीएपी के साथ एक पैकेट गेहूं का बीज देने की शर्त लगा रहे हैं, जिसके चलते किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है । खेसरहा ब्लॉक के साधन सहकारी समिति, घोसियारी पर रबी की बुवाई के समय किसानों को डीएपी नहीं मिल रही है । खेत से नमी न चली जाए और बुवाई पिछड़े न इसके लिए किसान प्राइवेट दुकानदारों की मनमानी के आगे मजबूर दिखाई दे रहे हैं । जानकारी के अनुसार, प्राइवेट दुकानों से किसानों को 1500 से 1600 रुपए प्रति बोरी डीएपी मिल रही है । तीन दिन से समिति का चक्कर लगा रहे हैं, तब जाकर किसी तरह से दो बोरी डीएपी मिली है । प्राइवेट दुकानदार महंगे दाम पर डीएपी बेच रहे हैं । समिति पर खाद नदारद है, मजबूरी में प्राइवेट दुकानदारों से महंगे दाम पर खाद लेना पड़ रहा है ।अबतक समिति पर 600 बोरी डीएपी आई, जिसे किसानों को निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध करा दिया गया है ।